पत्रांक-मु0अभि0(पटना)21-यो0विविध-8-6/2026............................../

**बिहार सरकार**

**भवन निर्माण विभाग**

प्रेषक,

प्रणव कुमार,
सरकार के सचिव।

सेवा में,

अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव
अभियंता प्रमुख(विद्युत),
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक .........2026

विषयः- **महत्वपूर्ण कार्यालयों एवं अतिविशिष्ट आवासीय भवनों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण संबंधी कार्य के अधिष्ठापन एवं रख-रखाव के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि भवन निर्माण विभाग के विभिन्न कार्य प्रमंडलों द्वारा नवनिर्माण के साथ-साथ अनुरक्षण एवं मरम्मति का भी कार्य किया जाता है। इसमें असैनिक एवं विद्युत कार्य शामिल हैं। असैनिक कार्य हेतु असैनिक कार्य प्रमंडल एवं विद्युत से संबद्ध कार्य हेतु विद्युत कार्य प्रमंडल कार्यरत है।

भवन निर्माण विभाग द्वारा रख-रखाव किये जा रहे बिहार विधान मंडल भवन, सचिवालय भवनों तथा कुछ अतिविशिष्ट आवासीय परिसर यथा- बिहार लोक भवन, लोक सेवक भवन आदि में आधुनिक ऑडियो-विडियो एवं माईक सिस्टम, इन्टरनेट एवं इन्टरकॉम आदि को संचालित करने हेतु संबद्ध यंत्रों का अधिष्ठापन किया गया है।

वर्तमान में इनके अधिष्ठापन एवं रख-रखाव का कार्य असैनिक कार्य प्रमंडलों द्वारा किया जा रहा है, परन्तु यह सभी कार्य मूलतः विद्युत से संबंधित है। असैनिक कार्य प्रमंडलों द्वारा इन कार्यों के अधिष्ठापन तथा रख-रखाव में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उक्त तथ्यों के आलोक में कार्यहित में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण संबंधी कार्य यथा- ऑडियो-विडियो एवं माईक सिस्टम, इन्टरनेट एवं इन्टरकॉम आदि से संबंधित नवीन अधिष्ठापन कार्य एवं पूर्व से अधिष्ठापित/नव-अधिष्ठापित संयंत्रों/उपकरणों के रख-रखाव की जिम्मेवारी विद्युत उपभाग के अधीन कार्यरत विद्युत कार्य प्रमंडलों को सुपुर्द करने का निर्णय लिया गया है। तदनुसार निदेशित किया जाता है कि असैनिक कार्य प्रमंडलों को बिहार

विधान मंडल भवन, सचिवालय भवनों तथा कुछ अतिविशिष्ट आवासीय परिसर यथा- बिहार लोक भवन, लोक सेवक भवन आदि में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण संबंधी अधिष्ठापन एवं रख-रखाव कार्य विद्युत कार्य प्रमंडलों को तत्काल प्रभाव से सुपुर्द करेंगे। इस संदर्भ में पूर्व में निर्गत निदेशों को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

विश्वासभाजन
ह0/-
(प्रणव कुमार)
सरकार के सचिव।

ज्ञापांक- पटना, दिनांक-

प्रतिलिपि-मुख्य अभियंता(पटना)/विद्युत मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/-
सरकार के सचिव

ज्ञापांक- 6215(ग) पटना, दिनांक- 8/7/26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सरकार के सचिव
3/7/26